उत्तर प्रदेश शासन

ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2,

संख्या-06/2018/128/92-2-18-45जांच/2017

लखनऊ:: दिनांक:: 17 जनवरी 2018

कार्यालय-ज्ञाप

जनपद-उन्नाव में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा एस0जी0एस0वाई0 योजनान्तर्गत ग्राम रामपुर खजडी, विकास खण्ड-औरास एवं ग्राम पावा, विकास खण्ड-सफीपुर में कराये गये निर्माण कार्य में की गयी अनियमितता के फलस्वरूप मुख्य प्रविधिक परीक्षक, तकनीकी सम्परीक्षा प्रकोष्ठ, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लघु सिचाई एवं भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा की गयी जांच आख्या दिनांक 11-09-2017 में परिलक्षित शासकीय क्षति में से कुल धनराशि रू0 8,337.00 के लिये प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाये जाने पर शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-193/2017/2032/92-2-17-45जांच/2017 दिनांक 31-10-2017 द्वारा श्री वी0के0 पाण्डेय, तत्कालीन सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-उन्नाव के विरूद्व उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 के नियम-7 के अंतर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुये प्रकरण की जॉच हेतु अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-कानपुर को जॉच अधिकारी नामित किया गया। इसी मध्य अपचारी अधिकारी, श्री वी0के0 पाण्डेय, अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण करके दिनांक 31-10-2017 को सेवानिवृत्त हो गये है। अतएव अपचारी अधिकारी, श्री वी0के0 पाण्डेय के विरूद्व उक्त नियमावली के नियम-7 के अंतर्गत संस्थित अनुशासनिक कार्यवाही को सी0एस0आर0 के नियम-351ए में परिवर्तित किये जाने की एतद्द्वारा श्री राज्यपाल संहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

श्री राज्यपाल के आदेश से,

मो0 इफतेखारूददीन

अपर मुख्य सचिव।

संख्या-06/2018/128(1)/92-2-2018 तददिनांक।

प्रतिलिति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

2- श्री वी0के0 पाण्डेय, तत्का0 सहा0अभि0, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-उन्नाव (सम्प्रति से0नि0) द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ ।

3- ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1

4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अवध नारायण)

उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in